[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, सोमवार, 18 मई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 5 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 218, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**अनमोल वचन**

बिना जोश के आज तक कोई भी महान कार्य नहीं हुआ।

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

ग्राम रथ समापन समारोह .... 02

03 संसदीय स्थायी समिति के ....

## खबर संक्षेप

**राजसमंद जिले में ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत कुंवारिया थाना पुलिस की कार्रवाई:**

### 13 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

राजसमंद @ पदमावत मीडिया। जिले में फरार, उद्घोषित एवं स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान सुदर्शन चक्र-2 के तहत कुंवारिया थाना




पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस रेंज उदयपुर गौरव श्रीवास्तव आईपीएस के निर्देशानुसार जिला पुलिस अधीक्षक राजसमंद हेमन्त कलाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार पारीक एवं पुलिस उप अधीक्षक वृत्त राजसमंद नेत्रपाल सिंह के मार्गदर्शन तथा थानाधिकारी रामचन्द्र कुमावत के सुपरविजन में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने न्यायिक मजिस्ट्रेट राजसमंद के अदालत मुकदमा संख्या 533/2013 धारा 379 भादसं में वांछित स्थाई गिरफ्तारी वारंटी अफजल पिता इमामुद्दीन जाति मुस्लिम मिरासी उम्र 38 वर्ष निवासी कावाखेड़ा कच्ची बस्ती थाना कोतवाली जिला भीलवाड़ा हाल आरके कॉलोनी मदिना मस्जिद के पास थाना सुभाषनगर जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से गुजरात, महाराष्ट्र एवं गोवा क्षेत्र में लगातार ठिकाने बदल-बदल कर ड्राइवरी करते हुए फरारी काट रहा था। मुखबिर सूचना एवं तकनीकी सहायता के आधार पर अथक प्रयास कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना कुंवारिया एवं थाना देवगढ़ में कई प्रकरण दर्ज हैं। थाना कुंवारिया में धारा 379 भादसं तथा थाना देवगढ़ में धारा 379, 224 एवं 332 भादसं के प्रकरणों में आरोपी वांछित चल रहा था।

### लिम्बिया एनीकट निर्माण को 10.54 करोड़ की स्वीकृति

सलूंबर @ पदमावत मीडिया। सराड़ा तहसील के ग्राम खराड़ स्थित लिम्बिया (पंडेर) एनीकट निर्माण कार्य के लिए जल संसाधन विभाग ने 10 करोड़ 54 लाख 28 हजार की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। जल संसाधन विभाग के अनुसार परियोजना का कार्य जल संसाधन खंड सलूंबर द्वारा कराया जाएगा तथा इसे 18 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। एनीकट निर्माण से वर्षाजल संरक्षण, भूजल स्तर सुधार एवं सिंचाई सुविधा को बढ़ावा मिलेगा। क्षेत्र के किसान लिफ्ट सिंचाई के माध्यम से कृषि कार्य में पानी का उपयोग कर सकेंगे। साथ ही पेयजल एवं पशुओं के लिए भी जल उपलब्धता बेहतर होगी। परियोजना से खराड़, पाल सराड़ा, पंडेर एवं सुरखंड खेड़ा सहित आसपास के गांवों को भी लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने स्वीकृति पर खुशी जताई है।

### नारायण सेवा संस्थान में भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ परिसर में आत्मीय स्नेह मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में देशभर



से आए 150 से अधिक सहयोगियों, शाखा संयोजकों एवं भामाशाहों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक कैलाश मानव, निदेशक वंदना अग्रवाल एवं पलक अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि रमेश चावड़ा एवं अध्यक्षता भूपेन्द्र चतुर्भुज पटेल ने की। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि संस्थान पिछले चार दशकों से दिव्यांगजनों को उपचार, कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। निदेशक वंदना अग्रवाल ने बताया कि अब तक 4.52 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को सेवाओं का लाभ दिया जा चुका है।

## धनगर, गड़रिया, गाड़री, गायरी और पाल बघेल समाज की बैठक

# विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार संकल्पित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्थान के लिए संकल्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला, शिक्षित युवा, समृद्ध किसान और कुरीतिमुक्त समाज ही प्रदेश के समग्र विकास का आधार है। डबल इंजन सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं बजट घोषणाओं के माध्यम से सुशासन की संकल्पना साकार हो रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर गडरिया-गाड़री-गायरी-धनगर-पाल-बघेल सहित विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा समाज हित में की गई बजट घोषणाओं एवं कल्याणकारी प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर की 301वीं जयंती पर आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय समारोह के पोस्टर का विमोचन किया।

**महिला सशक्तिकरण की बेजोड़ मिसाल हैं पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर**

उन्होंने कहा कि विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति समाज गौरवपूर्ण इतिहास एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का धनी है। खानवा के युद्ध में वीर सिंह बघेल ने राणा सांगा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मुगल आक्रांताओं के खिलाफ अदम्य साहस, शौर्य, स्वामीभक्ति का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं, गडरिया समाज पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की गौरवशाली परंपराओं के प्रति श्रद्धावान होकर उन्हें आगे बढ़ा रहा है। पुण्यश्लोकअहिल्याबाई होल्कर ने राष्ट्र को दिशा देने का कार्य किया। समाज उनके दिखाए मार्ग पर चलकर और आदर्शों से प्रेरणा लेकर कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे।

मुख्यमंत्री ने समाज के युवाओं से आह्वान करते



हुए कहा कि वे विरासत में मिली खेती और पशुपालन की परंपरा को आगे बढ़ाते हुएउन्नतएवं आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दें और समाज में समृद्धि लाने की दिशा में प्रयास करें। साथ ही, उन्होंने रासायनिक उर्वरकों का सीमित उपयोग करने एवं जैविक खाद का उपयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

**नशे से दूर रहें, शिक्षा की ओर रुझान बढ़ाएं और राष्ट्र निर्माण में दें योगदान**

उन्होंने कहा कि आज विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति समाज कृषि एवं पशुपालन के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रहा है।समाज के शिक्षा और सामाजिक सुधार संबंधी कार्य भी सराहनीय हैं।समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक सेवाओं, राजनीति, सेना, पुलिस, शिक्षा, व्यापार और आईटी क्षेत्रों और सामाजिक सेवा में नई पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा अपने पूर्वजों की मेहनत और संस्कारों को ध्यान में रखते हुए नशे से दूर रहें।शिक्षा की ओर अपना रुझान बढ़ाएं और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें, सरकार हर संभव मदद को तैयार है।

**किसानों और दुग्ध उत्पादकों को मिल रहा आर्थिक संबल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान और पशुपालक समृद्ध और खुशहाल बनें,इसके लिए हमारी डबल इंजन सरकार





निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने किसान सम्मान निधि की राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये करने का काम किया है। अन्नदाता की मेहनत का सम्मान करते हुए गेहूं की एमएसपी पर 150 रुपये बोनस दिया जा रहा है, तो वहीं आज प्रदेश के 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। पशुपालकों तक निःशुल्क पशु चिकित्सा के लिए मोबाइल सेवा 1962 शुरू की है। राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना में उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत 50 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। साथ ही, गोशालाओं को 2 हजार 812 करोड़ रुपये अनुदान दिया गया है।

उन्होंने कहा कि पशुपालन किसानों के लिए अतिरिक्त आय एवं आर्थिक सुरक्षा का मजबूत माध्यम है। सरकार द्वारा कृषि कल्याण की दिशा में कार्य करते हुएप्रदेश में अब तक 2 हजार 185 नये दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, दुग्ध संकलन केंद्र शुरू किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के तहत लगभग 5 लाख किसानों को 1 हजार 383 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। इतना ही नहीं सरस मायरा योजना के तहत दुग्ध उत्पादक सदस्यों की बेटी की शादी में 21 हजार रुपये नकद दिए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना में हम ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवा रहे हैं। इस योजना में 94 हजार गोपालक परिवारों को 709 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत करीब 9 लाख पशुपालकों के 20 लाख से अधिक पशुओं का पंजीकरण किया गया।

कार्यक्रम में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतू जनजाति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दुष्यंत कुमार बघेल सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 15 दिवसीय नि:शुल्क ब्रह्म कर्म संस्कार शिविर का हुआ शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। विप्र फाउंडेशन (जोन-1ए) उदयपुर की ओर से निम्बार्क कॉलेज परिसर में आयोजित 15 दिवसीय निःशुल्क ब्रह्म कर्म संस्कार शिविर का रविवार को शुभारंभ हुआ। आचार्य पं. पदम कुमार शास्त्री के संयोजन में आयोजित यह शिविर 17 मई से 31 मई तक चलेगा। शिविर का उद्घाटन विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक धर्मनारायण जोशी ने किया।

वर्ष 2002 से निरंतर आयोजित किए जा रहे इस निःशुल्क ब्रह्म कर्म संस्कार शिविर में विप्र समाज के प्रशिक्षणार्थियों को दैनिक पूजा पद्धति, ब्रह्म कर्म, संध्या वंदन, देव स्तुति, ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्र सहित विभिन्न धार्मिक एवं वैदिक विषयों का प्रशिक्षण अनुभवी एवं विद्वान आचार्यों द्वारा प्रदान किया जाएगा।

शिविर का उद्देश्य ब्रह्म कर्म संस्कारों में रुचि रखने वाले विप्रजनों को धार्मिक विधाओं एवं संस्कारों में दक्ष बनाना है, ताकि वे सनातन समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए आत्मनिर्भर बन सकें। आयोजकों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इस शिविर का लाभ लेकर अनेक प्रशिक्षणार्थी ज्योतिष एवं कर्मकांड के क्षेत्र में पारंगत होकर समाज में सेवाएं दे रहे हैं तथा इससे अपनी आजीविका भी संचालित कर रहे हैं।

विप्र फाउंडेशन (जोन-1ए) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र पालीवाल ने बताया कि इस वर्ष शिविर में लगभग 80 प्रशिक्षणार्थियों ने पंजीयन कराया है, जिनमें महिलाएं, पुरुष एवं



बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को संस्कारों एवं वैदिक परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं।

शिविर में आचार्य पं. पदम कुमार शास्त्री के सानिध्य में पं. हरिनारायण सुखवाल, पं. रमेश नागदा, पं. भगवतीशंकर व्यास, डॉ. लता व्यास, डॉ. मंजू शर्मा, पं. धरणीधर तिवारी, पं. सुरेंद्र द्विवेदी, पं. सूर्यप्रकाश श्रीमाली एवं पं. पीयूष पराशरे सहित अनेक विद्वान नियमित रूप से प्रशिक्षण देंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मनारायण जोशी रहे, जबकि अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन (जोन-1ए) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र पालीवाल ने की। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गेश शर्मा ने किया तथा अंत में अनिल पचौरी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## 17 मिनट की रमैणी से दिया दहेज मुक्त विवाह का संदेश

प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया। डलमु मानपुरा लबाना रिसोर्ट में संत रामपाल जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित सत्संग एवं सामाजिक समागम में दहेज मुक्त और सादगीपूर्ण विवाह का



आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक जोड़े का विवाह बिना बैंड-बाजे, बिना दिखावे और बिना लेन-देन के मात्र 17 मिनट की रमैणी के माध्यम से संपन्न कराया गया। गुरुवाणी के पाठ और आध्यात्मिक वातावरण के बीच विवाह सम्पन्न हुआ। सत्संग में श्रद्धालुओं को शास्त्रसम्मत भक्ति, नशामुक्ति एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का संदेश दिया गया। आयोजकों ने बताया कि संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में देशभर में दहेज मुक्त विवाह एवं समाज सुधार अभियान चलाए जा रहे हैं।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। हिरण मगरी सेक्टर-8 स्थित संजय गांधी नगर के चंद्रशेखर महादेव मंदिर पार्क में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा



ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा का आयोजन 17 से 24 मई तक संजय नगर विकास समिति एवं क्षेत्रवासियों के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। वृंदावन धाम आश्रम तीतरड़ी के भागवताचार्य संत कृष्णानंद जी महाराज के सानिध्य में विधिविधान से श्रीमद्भागवत पूजन किया गया। इसके बाद निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने मंगल कलश धारण कर भजनों के साथ यात्रा में भाग लिया। समिति पदाधिकारियों ने संत कृष्णानंद जी महाराज का स्वागत किया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया।

## श्री मेवाड़ वागड़ मालवा जनजाति समाज संस्थान का 12वां अंचल स्तरीय जनजाति प्रतिभा सम्मान एवं सर्व समाज शिक्षक गौरव समारोह सम्पन्न

# जहां धर्मांतरण वहां अलगाव पैदा होता है : बाबूलाल खराड़ी





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। श्री मेवाड़ वागड़ मालवा जनजाति समाज संस्थान की ओर से 12वां अंचल स्तरीय जनजाति प्रतिभा सम्मान एवं सर्व समाज शिक्षक गौरव समारोह रविवार को सुखाड़िया रंगमंच पर भव्य रूप से आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा, खेल, समाजसेवा, प्रशासनिक सेवाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, सिरोही, सलूम्बर, चित्तौड़गढ़ एवं पाली सहित विभिन्न जिलों के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आई लगभग 600 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनजाति समाज के लोग, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि जहां धर्मांतरण होता है, वहां आस्था पर चोट पहुंचती है और आगे चलकर अलगाव की स्थिति पैदा होती है। उन्होंने कहा कि यह देश और समाज दोनों के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज सदैव मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष करता आया है तथा सनातन संस्कृति और अतिथि देवो भवः की परंपरा में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता और आपसी विश्वास बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को गुमराह करने वाली ताकतों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच और राष्ट्रभावना ही समाज को आगे बढ़ा सकती है। बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि प्राचीन काल में गुरुकुल व्यवस्था आदिवासी क्षेत्रों में विकसित हुई थी और वर्तमान समय में भी समाज को




अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने की आवश्यकता है। संस्थान के केंद्रीय संयोजक डॉ. मन्नालाल रावत ने आदिवासी समाज के विकास के लिए अस्मिता, अस्तित्व और विकास के विषय पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण और लव जिहाद जैसी प्रवृत्तियां समाज के लिए गंभीर चुनौती हैं और इनसे बचाव के लिए शिक्षित समाज को संगठित होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज की मूल पहचान और सांस्कृतिक विरासत को बचाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

डॉ. रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जनजाति गौरव दिवस एवं धरती आबा जनजाति उन्नत ग्राम अभियान का सकारात्मक प्रभाव समाज में दिखाई दे रहा है। उन्होंने समाज में जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को शिक्षा एवं संगठन से जोड़ने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि रघुवीर सिंह मीणा ने कहा कि समाज के विकास के लिए राजनीतिक विचारधाराओं से ऊपर उठकर सामाजिक एकजुटता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि यह संगठन समाजहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहा है।

पूर्व मंत्री मांगीलाल गरासिया ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आदिवासी युवाओं को नई प्रेरणा देते हैं और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

## खबर संक्षेप

### उदयपुर जिले में ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत कुराबड़ थाना पुलिस की कार्रवाई:

## एनडीपीएस एक्ट के मामले में 5 हजार रुपये का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज द्वारा चलाए




जा रहे विशेष अभियान सुदर्शन चक्र-2 के तहत कुराबड़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के मामले में 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं वृत्ताधिकारी गिर्वा गोपाल चन्देल के सुपरविजन में थानाधिकारी तेजु सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रकरण संख्या 391/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना गोवर्धनविलास में वांछित आरोपी निरंजन सिंह उर्फ ललित सिंह पिता स्वर्गीय निर्भय सिंह निवासी भँवरासिया थाना डबोक जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी पिछले पांच माह से फरार चल रहा था तथा उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। प्रकरण में पूर्व में 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर नशीली दवाईयों की खरीद-फरोख्त करता था। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी तेजु सिंह, सहायक उप निरीक्षक भगवत सिंह, हैड कांस्टेबल रूपलाल, कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार, भुराराम, लोकेन्द्र सिंह, लक्ष्मण लाल, हैड कांस्टेबल उमेश थाना प्रतापनगर एवं कांस्टेबल लोकेश रायकवाल साइबर सेल उदयपुर शामिल रहे।

## इंदौर के डायल-112 हीरोज बेहोशी की हालत में मिले घायल बुजुर्ग को समय पर पहुँचाया अस्पताल

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** इंदौर जिले के थाना विजय नगर क्षेत्र में डायल-112 जवानों की तत्परता, संवेदनशीलता एवं मानवीय कार्यवाही से बेहोशी की हालत में मिले घायल बुजुर्ग को समय पर अस्पताल पहुँचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया तथा परिजनों से संपर्क स्थापित कर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया गया। 17 मई को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना विजय नगर क्षेत्र अंतर्गत एक बुजुर्ग व्यक्ति घायल अवस्था में पड़े हुए हैं एवं तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही विजय नगर थाना क्षेत्र में तैनात डायल 112 वाहन को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक श्री सुनील कुमार मालवीय, आरक्षक श्री करण चौधरी एवं पायलट श्री सचिन मौर्य ने मौके पर पहुँचकर पाया कि बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल थे तथा बातचीत करने की स्थिति में भी नहीं थे। डायल-112 जवानों ने तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल घायल बुजुर्ग को डायल 112 वाहन में सुरक्षित बैठाकर अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल में भर्ती कराने के पश्चात भी डायल-112 टीम ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा बुजुर्ग की फोटो के माध्यम से उनके परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया। पुलिस जवानों के त्वरित प्रयासों से बुजुर्ग के भतीजे से संपर्क स्थापित हुआ, जो सूचना मिलते ही अस्पताल पहुँचे। डायल-112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह घटना दर्शाती है कि मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 सेवा आमजन, विशेषकर जरूरतमंद एवं असहाय व्यक्तियों की सहायता हेतु सदैव सजग, संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है।

## उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति: आपेक्ष पूर्ति की अन्तिम तिथि 22 मई

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** शैक्षणिक सत्र 2017-18 एवं 2024-25 में राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिये विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृति योजनाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अति. पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक पिछड़ा वर्ग/विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय/मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं में राज्य की राजकीय/निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के छात्रवृति आवेदन पत्र में आक्षेप पूर्ति कराने की अन्तिम तिथी 22 मई 2026 निर्धारित की गई है।

### ग्राम विकास चौपालों के माध्यम से किसानों, महिलाओं और युवाओं तक पहुंचाया योजनाओं का लाभ, डाल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# ग्राम रथ समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्राम रथ अभियान के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के ग्रामीणों एवं लाभार्थियों से संवाद किया। जिले में चल रहे ग्राम रथ कार्यक्रम भी इस वर्चुअल संवाद से जुड़े। सलूंबर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डाल में जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं संध्या चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान, मजदूर, युवा एवं महिला सशक्तीकरण के लिए संकल्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार ने भी प्रदेश के समग्र विकास के लिए पानी, बिजली, रोजगार, शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए विकास का रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि 27 अप्रैल से प्रारंभ ग्राम रथ अभियान के माध्यम से प्रदेश की 183 विधानसभा क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाई गई।

मुख्यमंत्री ने बगरू के ठिकरिया गांव से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों एवं आमजन की जल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता सहित अनेक महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार अच्छी वर्षा से प्रदेश के बांधों में पर्याप्त जल संग्रह हुआ है, जिससे भविष्य में पेयजल एवं सिंचाई की स्थिति और मजबूत होगी।







उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है तथा वर्ष 2027 तक सभी जिलों में यह सुविधा शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने किसानों से प्रधानमंत्री कुसुम योजना का लाभ लेकर ऊर्जा उत्पादन में भी भागीदार बनने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान अभियान के तहत हुए एमओयू अब धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे निजी क्षेत्र में लाखों युवाओं को रोजगार मिला है। राज्य सरकार द्वारा युवाओं को सरकारी नौकरियों के साथ स्वरोजगार हेतु ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में पेपर लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि प्रोसेसिंग यूनिट्स, डेयरी विकास एवं जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत पशुपालकों को प्रति लीटर 5 रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से राजीविका से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की अपील भी की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव एवं लाभों की जानकारी ली। ग्राम रथ अभियान के तहत राज्य सरकार के 13 विभागों की योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री, पुस्तिकाएं एवं जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई गई। एलईडी वैन के माध्यम से योजनाओं पर आधारित वीडियो फिल्में प्रदर्शित की गईं, वहीं लोक कलाकारों द्वारा गीत-संगीत, कठपुतली एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

### डाल में आयोजित संध्या चौपाल में जिला कलक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

ग्राम पंचायत डाल में आयोजित संध्या चौपाल में जिला कलक्टर मुहम्मद जुनेद पी. पी. ने ग्रामीणों से संवाद कर राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी तथा अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्राम रथ अभियान का उद्देश्य योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीणों, कृषकों एवं पशुपालकों तक सरल एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाना है।

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य एवं अन्य समस्याओं से संबंधित परिवेदनाएं प्रस्तुत कीं, जिन पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रत्येक परिवेदना का गंभीरतापूर्वक समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार, उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार बलाई, तहसीलदार मयूर शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र परमार, पीआरओ पुष्पक मीणा, एसीपी दीपक धाकड़, आयुर्वेद विभाग के डॉ. जितेंद्र जोशी, ममता जाखड़, राजेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मेवल सुथार समाज के धार्मिक आयोजन में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, जयघोषों से गूंजा क्षेत्र

# भव्य कलश यात्रा के साथ लोदा में श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** मेवल सुथार समाज लोदा की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। 17 मई से 24 मई 2026 तक श्री विश्वकर्मा वाटिका, लोदा में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। समाज के मीडिया प्रभारी नाथू लाल सुथार ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रातः 9 बजे हनुमान मंदिर से कथा पंडाल तक विशाल एवं आकर्षक कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में महिलाएं पारंपरिक केसरिया वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर भक्ति गीतों एवं जयघोषों के साथ शामिल हुईं। वहीं युवाओं ने केसरिया शेरवानी और केसरिया पगड़ी पहनकर धार्मिक आस्था एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया।

कलश यात्रा के दौरान जय श्री विश्वकर्मा एवं जय श्री कृष्ण के जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। बैंड-बाजों, धार्मिक धुनों एवं भक्ति संगीत के बीच निकली यात्रा ने पूरे गांव में आध्यात्मिक माहौल बना दिया।





आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। समाज की ओर से कलश यात्रा में भाग लेने वाली महिलाओं को नारियल एवं लाल वस्त्र उपलब्ध कराए गए। वहीं अदवास क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आठ दिनों तक निःशुल्क बस सेवा की व्यवस्था भी की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान समाज के भामाशाह दिलखुश, हरीश एवं मनीष बमबोरा परिवार द्वारा 4 लाख 10 हजार रुपये की बोली लगाकर भागवत पोथी का लाभ लिया गया। समाजजनों ने भामाशाह परिवार का अभिनंदन करते हुए इसे धार्मिक एवं सामाजिक समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

समाज के मीडिया प्रभारी नाथू लाल सुथार ने बताया कि कथा महोत्सव को लेकर समाज के पंचों एवं कार्यकताओं द्वारा गांव-गांव एवं घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किए गए हैं। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार कथा श्रवण हेतु पधारने की अपील की है।

मेवल सुथार समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, एकता, भाईचारा और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। कथा महोत्सव के दौरान प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन, भजन संध्या एवं विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

## देश में पहली बार उदयपुर में आयोजित हुई आईसीएआई की जीएसटीआर्ट कार्यशाला का सफल समापन



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जीएसटी एवं अप्रत्यक्ष कर समिति द्वारा आयोजित तथा आईसीएआई उदयपुर ब्रांच द्वारा मेजबानी की गई तीन दिवसीय विशेष कार्यशाला ह्लजीएसटीआर्ट झ्र जीएसटी एडज्युडिकेशन से रिप्रेजेंटेशन एवं ट्रिब्यूनल प्रैक्टिसह्व का उदयपुर में सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यशाला विशेष रूप से जीएसटी लिटिगेशन, एडज्युडिकेशन, अपील एवं जीएसटी अपीलीय अधिकरण प्रैक्टिस पर केंद्रित रही। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में आईसीएआई जीएसटी एवं अप्रत्यक्ष कर समिति के अध्यक्ष एवं सेंट्रल काउंसिल सदस्य सीए उमेश शर्मा औरंगाबाद ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जीएसटी विवाद निवारण एवं अपीलीय कार्यवाही में विशेषज्ञता की अत्यंत आवश्यकता है तथा इस प्रकार की तकनीकी कार्यशालाएं सदस्यों के कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उदयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत ने जानकारी देते हुए बताया कि आईसीएआई द्वारा इस प्रकार की ह्लजीएसटीआर्टह्व कार्यशाला का आयोजन पूरे भारत में पहली बार उदयपुर में किया गया, जो उदयपुर शाखा एवं सम्पूर्ण मेवाड़ क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में उदयपुर सहित नीमच, निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद एवं आसपास के विभिन्न शहरों से कुल 37 सदस्यों ने सहभागिता कर जीएसटी लिटिगेशन एवं ट्रिब्यूनल प्रैक्टिस से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।

### केमिस्ट एशोसिएशन की बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

## 20 मई को बंद रहेगी दवाई की दुकान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

संवाददाता : माणकमल भंडारी

**भीनमाल।** केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक जिलाध्यक्ष भंवरलाल मांजू, केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश दवे, सचिव मूलसिंह राव की उपस्थिति में आयोजित हुई। केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक ई फामेर्सी, नकली दवाओं के कारोबार एवं अवैध बिक्री के विरोध में एक दिवसीय



मेडिकल बंद रखने के विरोध में आयोजित की गई। बैठक में लिये गये निर्णयों के तहत 20 मई बुधवार को ऑल इंडिया केमिस्ट बन्द के तहत स्थानीय सभी मेडिकल स्टोर बन्द रखने का निर्णय लिया गया। नर्सिंग होम / हॉस्पिटल में संचालित होने वाले सभी मेडिकल स्टोर भी बन्द रहेंगे। सिर्फ हॉस्पिटल में एडमिट पेशेंट को ही दवाई दे सकेंगे। बाहर की किसी भी पर्ची या मरीज को दवाई नहीं देंगे।

बैठक में गुमानसिंह राव, मुकेश बाफना, परखाराम चौधरी, गेमाराम चौधरी, संजीव माथुर, सुभाष शर्मा, अभिषेक व्यास, हीरालाल घांची, मदेश चौधरी, नरपत देवासी, देव देवासी, उत्तम, हिम्मतसिंह सहित कई केमिस्ट उपस्थित रहे।

# ग्राम रथ अभियान से गांव-गांव पहुंची जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी : विधायक श्री राठौड़

### चारभुजा-गढ़बोर में ग्राम विकास रथ का समापन समारोह आयोजित, मुख्यमंत्री का संबोधन हुआ लाइव प्रसारित







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** कुंभलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चारभुजा-गढ़बोर में ग्राम विकास रथ अभियान का जिला स्तरीय समापन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कुंभलगढ़ विधायक श्री सुरेंद्र सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के जयपुर जिले के ठिकरिया गांव से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने वर्चुअल माध्यम से सुना। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल, डीसीएफ डॉ. आर.एन. भाकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसडीएम साक्षी पुरी, विकास अधिकारी मांगीलाल रेगर सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक एवं ग्राम स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसान, मजदूर, युवा एवं महिला उत्थान के लिए कृत संकल्पित हैं तथा राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास का स्पष्ट रोडमैप बनाकर पानी, बिजली और रोजगार के क्षेत्र में प्राथमिकता से कार्य किया है। उन्होंने कहा कि 27 अप्रैल से प्रारंभ हुए ग्राम रथ अभियान के माध्यम से प्रदेश की 183 विधानसभा क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गत दो वर्षों में अच्छी मानसूनी वर्षा के कारण प्रदेश के बांधों में पर्याप्त जल उपलब्ध हुआ है, जिससे आमजन एवं किसानों को राहत मिली है।

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में हो रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में बिजली उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा वर्तमान में 26 जिलों के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने किसानों से पीएम कुसुम योजना का लाभ लेकर अन्नदाता के साथ ऊजार्दाता बनने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत हुए एमओयू अब धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे निजी क्षेत्र में तीन लाख युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। साथ ही राज्य सरकार चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के संकल्प को भी पूरा कर रही है।

उन्होंने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने के लिए डबल इंजन सरकार विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है तथा स्थानीय उपज को बढ़ावा देने के लिए प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना हेतु एमओयू किए गए हैं। साथ ही महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए भी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा एवं सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान के माध्यम से प्रदेश के विकास का रोडमैप तैयार किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ पत्र वितरित किए तथा ग्रामीणों से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### विशाल नि:शुल्क हृदय रोग निदान शिविर का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा श्री सत्य साईं हार्ट





हॉस्पिटल अहमदाबाद एवं राजकोट के संयुक्त तत्वावधान में महावीर कॉमर्स कॉलेज में आयोजित विशाल निःशुल्क हृदय रोग निदान शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सात्विक आहार, नियमित शारीरिक व्यायाम तथा समय-समय पर चिकित्सा जांच के माध्यम से हृदय रोगों से काफी हद तक बचाव संभव है। उन्होंने हृदय रोगों के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि लोगों को हार्ट अटैक के कारणों और उससे बचाव के उपायों के बारे में गहराई से जानकारी दी जानी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रतिवर्ष एक से दो करोड़ लोग हृदय रोग से प्रभावित होते हैं। ऐसे में इस गंभीर बीमारी की रोकथाम और समय पर उपचार के लिए समाज के हर वर्ग तक जागरूकता पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हृदय और सांस जीवन के सबसे महत्वपूर्ण आधार हैं, इनके रुकने से जीवन समाप्त हो जाता है, इसलिए इन्हें स्वस्थ बनाए रखने के लिए हर स्तर पर प्रयास होने चाहिए। उन्होंने सत्य साईं बाबा द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय का स्मरण करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने आयुर्वेद एवं शरीर की आंतरिक स्थिति की नियमित निगरानी को दीर्घायु का आधार बताते हुए कहा कि व्यक्ति यदि अपने शरीर के आंतरिक तंत्र पर ध्यान दे तो लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जी सकता है। उन्होंने लोगों से खानपान पर विशेष ध्यान देने तथा धमनियों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने निःशुल्क हार्ट ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को टोकन पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने भी संबोधित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

### कर चोरी के विरूद्ध करें दण्डात्मक कार्रवाई : सीएम

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के समग्र विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजस्व संग्रहण प्रक्रिया को अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026-27 के राजस्व अर्जन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्ययोजना के अनुरूप कार्य करनेतथा नवाचार एवं तकनीक अपनाने के लिए भी निर्देशित किया है।

मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्व अर्जन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सभी विभागों को कर चोरी करने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, कार्ययोजना बनाकर राजस्व से संबंधित केसों के पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने मुख्य सचिव को राजस्व प्राप्ति प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण में वृद्धि के लिए नगरीय विकास एवं आवासन विभाग विशेष कार्ययोजना बनाकर काम करे। उन्होंने वाणिज्यिक कर विभाग को ऑडिट केसों की समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, बेहतर एवं प्रभावी स्क्रूटिनी के नए पैरामीटर्स विकसित करने के साथ ही प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने खान विभाग को राजस्व वृद्धि के लिए अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, खनन से जुड़ी गाड़ियों में जीपीएस इंस्टॉलेशन कार्य में तेजी लाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बंद पड़ी खानों को नीलाम किया जाए, जिससे राजस्व में वृद्धि हो सके। उन्होंने परिवहन विभाग को बकाया वाहन करों की लक्षित वसूली एवं कर बकायादारों के विरुद्ध विशेष अभियान को गति प्रदान करने के निर्देश दिए।

# संसदीय स्थायी समिति के अध्ययन दौरे में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने की शहरी विकास योजनाओं की समीक्षा

## तिरुपति, हैदराबाद, गुलमर्ग और श्रीनगर प्रवास के दौरान बैठकों, फील्ड विजिट और धार्मिक स्थलों के दर्शन कर जनकल्याण की कामना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद ।** राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने मई माह में आवासन एवं शहरी कार्य संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्ययन दौरे के अंतर्गत तिरुपति, हैदराबाद, गुलमर्ग एवं श्रीनगर प्रवास के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों, फील्ड विजिट और धार्मिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाई। अध्ययन दौरे के दौरान सांसद ने देश के विभिन्न राज्यों में संचालित शहरी विकास परियोजनाओं, आधारभूत सुविधाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का अवलोकन कर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की।

आंध्र प्रदेश के तिरुपति प्रवास के दौरान सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने विश्व प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर तिरुपति बालाजी में दर्शन कर देश एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर संसदीय समिति के सभापति मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी सहित अन्य समिति सदस्य भी उपस्थित रहे।

इसके पश्चात हैदराबाद में आयोजित आवासन एवं शहरी कार्य संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने भाग लिया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री अनुमुला रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में अमृत मिशन, अमृत 2.0, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम ई-बस सेवा, अर्बन चैलेंज फंड तथा हैदराबाद मेट्रो रेल परियोजना सहित विभिन्न शहरी विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा









की गई। बैठक के दौरान सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि देशभर में तेजी से विकसित हो रहे शहरी ढांचे, स्मार्ट सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को समझने का यह महत्वपूर्ण अवसर रहा। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में लागू नवाचार आधारित शहरी विकास मॉडल भविष्य के लिए प्रेरणादायी हैं। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग एवं श्रीनगर प्रवास के दौरान सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने संसदीय समिति की बैठकों में भाग लेते हुए शहरी विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान झेलम रिवर फ्रंट, लाल चौक पब्लिक स्क्वायर तथा अमीराकदल पैदल क्षेत्र का फील्ड विजिट कर आधुनिक शहरी विकास, विरासत संरक्षण और नागरिक सुविधाओं के समन्वित मॉडल का अवलोकन किया गया। श्रीनगर प्रवास के दौरान सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने ऐतिहासिक शंकराचार्य शिव मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर देवाधिदेव महादेव से देश एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और उन्नति की प्रार्थना की। उन्होंने कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और वहां के शांतिपूर्ण वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि देश की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि ऐसे अध्ययन दौरे विभिन्न राज्यों में संचालित विकास योजनाओं के सफल मॉडलों को समझने तथा उन्हें अपने क्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि राजसमंद सहित राजस्थान के शहरी विकास, आधारभूत संरचना एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार में भी इन अनुभवों का लाभ लिया जाएगा।

# हितकारी सेवा संगठन द्वारा रेलवे स्टेशन पर नि:शुल्क शीतल जल सेवा का शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

भीनमाल। बढ़ती गर्मी एवं तेज तापमान को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए हितकारी सेवा संगठन द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया गया। जल सेवा का शुभारंभ रेलवे स्टेशन मास्टर भोलाराम के मुख्य आतिथ्य में साबरमती ट्रेन के यात्रियों को शीतल जल पिलाकर किया गया। इस दौरान यात्रियों ने संगठन के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी हितेश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि हितकारी सेवा संगठन पिछले 14 वर्षों से निरंतर सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी में रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से निःशुल्क शीतल जल सेवा प्रारंभ की गई है। इस अवसर पर स्टेशन मास्टर भोलाराम ने



संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा कि गर्मी के इस मौसम में यात्रियों को ठंडा एवं स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाना अत्यंत पुण्य एवं प्रेरणादायी कार्य है। ऐसे सेवा कार्य समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने संगठन के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्य करते रहने का आह्वान किया। नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने हितकारी सेवा संगठन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे यात्रियों को ठंडा पानी पिला कर न केवल पुण्य अर्जित कर रहे हैं, वरन वे यात्रियों की दुआ भी ग्रहण कर रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान संगठन अध्यक्ष जानकीदास वैष्णव एवं सचिव संजय सुखड़िया ने उपस्थित अतिथियों, रेलवे प्रशासन एवं सभी सहयोगकताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सौरभ लखारा, ललित वैष्णव, गणपत लुहार, हनुमानकुमार, हड़मतसिंह, सांवलाराम लुहार सहित संगठन के अनेक सदस्य मौजूद रहे । सभी ने मिलकर यात्रियों को शीतल जल सेवा प्रदान की। हितकारी सेवा संगठन की इस पहल से यात्रियों को गर्मी में बड़ी राहत मिल रही है तथा संगठन का यह सेवा कार्य क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# ओसवाल सोशयल ग्रुप के तत्वावधान में लगाये परींडे



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल ।** गर्मी के मौसम को देखते हुए ओसवाल सोश्यल ग्रुप के तत्वावधान में परींडे लगाने के अभियान का शुभारंभ किया गया। स्थानीय आशापुरी माताजी मंदिर में ओसवाल सोश्यल ग्रुप एवं नागरिक कल्याण मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने परींडे लगा कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर ओसवाल सोश्यल ग्रुप के अध्यक्ष हेमराज मेहता ने कहा कि मूक पशु पक्षियों के लिए सेवा करना हमारा धर्म ही नहीं वरन कर्तव्य भी है। नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने इस अवसर पर कहा कि गर्मी के मौसम में इंसान ही इंसानियत को कायम रखते हुए मूक पशुओं के लिए घर के सदस्यों की तरह व्यवहार करें। उनके भूख प्यास का हमें ही ध्यान रखना होगा। इस अवसर पर आशापुरी सेवा मंडल के सदस्यों के साथ हेमराज मेहता, माणकमल भंडारी, अजमल बंजारा, रामाराम, पुखराज, बाबूलाल, पीराराम सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

# राजस्थान में पुलिस कर रही साइकिल पेट्रोलिंग

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** पुलिस ने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और आम जनता से बेहतर संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से कई शहरों में साइकिल पेट्रोलिंग शुरू की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह पहल विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले बाजारों, संकरी गलियों और संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी के लिए शुरू की गई है, जहां पुलिस वाहनों की आवाजाही कठिन होती है। साइकिल पेट्रोलिंग के माध्यम से पुलिसकर्मी तेजी से क्षेत्र में पहुंच सकेंगे और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत नजर रख पाएंगे। पुलिस विभाग का कहना है कि इस व्यवस्था से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा और ईंधन की बचत होगी। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत किया है। उनका मानना है कि साइकिल पर गश्त करने वाले पुलिसकर्मी आम नागरिकों से अधिक आसानी से संवाद कर पा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में इस अभियान का विस्तार अन्य जिलों में भी किया जाएगा ताकि अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके।

# पावापुरी में आचार्य ने मुमुक्षु हर्षित को प्रदान किया दीक्षा का मुर्हुत







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** निकटवर्ती ग्राम सिरोडी से मुमुक्षु हर्षितकुमार संघवी अपनी दीक्षा का मुर्हुत लेने सिरोडी से पावापुरी तीर्थ-जीव मैत्रीधाम पहुंचने पर उनका पावापुरी के मुख्य द्वार पर ढोल-ढमाको के साथ गाजते-बाजते अक्षतों से स्वागत किया गया । उन्हें घोडा बग्गी में बिठाकर जुलुस के रूप में मंदिर दर्शन कराते हुऐ उपाश्रय में ले जाया गया। उपाश्रय में सूरिमंत्र समाराधक आचार्यदेव रविरत्नसूरीश्वर एवं जयेशरत्नसूरीश्वर म. सा., पंन्यास वैराग्यरत्नविजय आदि अनेक साधु-साध्वी की शुभ निश्रा में सिरोडी निवासी 30 वर्षीय मुमुक्षु हर्षितकुमार जितेन्दभाई संघवी ने दीक्षा का मंगल मुर्हुत प्रदान किया गया । दीक्षा का मुर्हुत आचार्य कलापुर्णसूरीश्वर म सा के शिष्य आचार्य पुर्णचंद्रसूरीश्वर म सा ने मंगल आशीर्वाद देते हुऐ उद्घोषित किया। हर्षित की दीक्षा 27 जुन को शुभ मुर्हुत में होगी। मुर्हुत पत्र मिलने पर उसको कंकु के छाटने कर अक्षतो से वधामणा किया गया। दीक्षा का मुर्हुत देने पर संगीत की धुन पर मुमुक्षु व उनके परिवार वाले नाच उठे। मुमुक्षु की कई वर्षो की भावना परिपूर्ण होने से हर्षित कुमार बहुत ही हर्षित हो गये। इस अवसर पर सिरोडी, कृष्णगंज, वेलागंरी, पामेरा, पोसिंतरा एवं अनादरा से अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थित हो कर मुमुक्षु हर्षितकुमार संघवी एवं उनके माता पिता को शुभकामनाएं दी। पावापुरी ट्रस्ट मंडल की ओर से प्रबंधक सुरेन्द्र जैन ने मुमुक्षु हर्षितकुमार, माता-पिता रेखा बेन जितेन्द्रभाई संघवी का तिलक-माला-साफा पहनाकर बहुमान किया गया। आचार्य रविरत्नसूरीश्वर ने सूरिमंत्र साधना की पांचवी बार की चैथी श्रीदेवी की पीठिका का जाप प्रारंभ किया । जो 25 दिन तक मौनपूर्वक चलेगा। इस प्रसंग पर पावापुरी तीर्थ निमार्ता के पी संघवी परिवार के प्रमुख किशोरभाई संघवी एवं ट्रस्टी संघवी नवलमल तातेड, महावीर जैन भी उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि मुमुक्षु हर्षितकुमार संघवी 27 जून को सिरोड़ी अपने गांव में ही दीक्षा लेगा।

यह 11 बहनों का इकलौता भाई हर्षित है, जो 27 जून को दीक्षा लेगा। जितेंद्र संघवी 5 भाइयों का परिवार है और इस परिवार में 11 पुत्रियां व एक मात्र पुत्र हर्षित है ।

# गोवर्धन सागर पाल पर हुआ सामूहिक योग प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास,अमृत धारा वितरण अभियान का भी हुआ शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में चल रहे 50 दिवसीय योग काउंटडाउन कार्यक्रम के तहत रविवार सुबह उदयपुर के प्रमुख पर्यटन एवं प्राकृतिक स्थल गोवर्धन सागर पाल पर सामूहिक योग प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास एवं जनजागरूकता कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में योग प्रेमियों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, आयुर्वेद विभाग, पतंजलि योग समिति, पाहेर विश्वविद्यालय, विप्र फाउंडेशन,



सुकृपा फाउंडेशन, ओसवाल युवक परिषद, अर्थ डायग्नोसिस, ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन, स्वास्थ्य सेतु सीए सर्किल, गोवर्धन सागर मॉर्निंग ग्रुप, आरोग्य विहार धाम, आहुति सेवा संस्थान एवं इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स सिक्योरिटी ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं योग निद्रा का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को योग की सही विधि एवं उससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। प्राकृतिक वातावरण में आयोजित योग कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। सहायक निदेशक भानु कुमार जैन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से जिलेभर में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर योग गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है तथा नियमित योगाभ्यास से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है।

योग समन्वयक एवं सहायक नोडल अधिकारी वैद्य शोभालाल औदीच्य ने बताया कि योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से 50 दिवसीय योग काउंटडाउन कार्यक्रम के तहत लगातार गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गोवर्धन सागर पाल जैसे शांत एवं प्राकृतिक स्थल पर योग अभ्यास करने से मानसिक शांति एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम के दौरान बढ़ती गर्मी एवं लू से बचाव के लिए आमजन को आयुर्वेदिक औषधि अमृत धारा का निःशुल्क वितरण भी शुरू किया गया। इस दौरान

दमदार लुक में अभिनेत्री आई नजर

# सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर रिलीज

**अभिनेत्री** सोनाक्षी सिन्हा की बहुप्रतीक्षित कोर्टरूम थ्रिलर फिल्म सिस्टम का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया गया। अश्विनी अय्यर तिवारी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सोनाक्षी एक सरकारी वकील नेहा राजवंश की भूमिका में हैं, जो ज्योतिका और आशुतोष गोवारिकर के साथ सत्ता और न्याय के बीच छिपी सच्चाई को उजागर करती हैं। 1 मिनट 59 सेकंड के ट्रेलर को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इसकी शुरुआत एक जुनूनी युवा वकील नेहा (सोनाक्षी सिन्हा) से होती है। वह अपने पिता (आशुतोष गोवारिकर) की तरफ से मिली एक मुश्किल चुनौती को स्वीकार करती है ताकि वह उनकी फर्म में पार्टनरशिप की हकदार बन सके, लेकिन इस चुनौती को पूरा करना इतना आसान भी नहीं होता है, जिसके लिए वह सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ शामिल करती है। वह एक तेज-तर्रार कोर्टरूम स्टेनोग्राफर है, जिसके मन में कुछ इरादे छिपे हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, कोर्टरूम की जोरदार लड़ाइयों, उलझे हुए रिश्तों और कुछ दमदार पलों की एक तेज-तर्रार झलक देखने को मिलती है, जहां पर अमीरी के शोर में गरीबी की आवाज खो जाती है। फिल्म का निर्देशन और सह-लेखन अश्विनी अय्यर तिवारी ने किया। उनका मानना है कि 'सिस्टम' जैसी तमाम कहानियां हमारे आस-पास ही होती है, लेकिन लोगों के सामने नहीं आ पाती हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि हमारे आस-पास अनगिनत कहानियां मौजूद हैं, लेकिन उन्हें स्क्रीन पर पूरी सच्चाई और क्रिएटिविटी के साथ उतारना मुश्किल काम है। मुझे खुद को चुनौती देना पसंद है, और शायद इसीलिए मैंने 'सिस्टम' बनाई है।





# सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर बोले आयुष्मान खुराना

**अभिनेता** आयुष्मान खुराना अपनी अपकमिंग फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। इस बीच प्रमोशन में जुटे अभिनेता ने फिल्मों पर सोशल मीडिया के पड़ने वाले असर को लेकर अपनी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आजकल ट्रेलर या टीजर रिलीज होते ही लोग आलोचना शुरू कर देते हैं, लेकिन अच्छी फिल्में हमेशा लोगों का दिल जीत लेती हैं। आयुष्मान खुराना ने बातचीत में अभिनेता रणवीर सिंह और आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का उदाहरण देते हुए कहा कि इसके फर्स्ट लुक और ट्रेलर को शुरुआत में काफी नकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली थीं, लेकिन फिल्म रिलीज होने के बाद इसने लाखों दर्शकों का दिल जीत लिया। आयुष्मान ने कहा, 'हर एक्टर अपने करियर की शुरुआत में एक 'हनीमून पीरियड' से गुजरता है। आपको सबका प्यार मिलता है। लेकिन, कुछ सालों बाद, जब आप अपने करियर के शिखर पर पहुंच जाते हैं, तो आलोचना भी मिलती है। लेकिन लोग अंडरडॉग यानी संघर्षरत व्यक्ति का साथ देते हैं। जब आप संघर्ष से पार पा जाते हैं तो लोग आलोचना करने लगते हैं।'' उन्होंने आगे समझाया कि हम ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां सभी से प्यार एक जैसा नहीं मिल सकता। पहले भी आलोचना होती थी, लेकिन अब सोशल मीडिया की वजह से वह सार्वजनिक हो गई है। पहले हम ऐसी बातें चाय की दुकान, सैलून या कोने में सुनते थे, अब सोशल मीडिया पर खुलकर चर्चा होती है। 'धुरंधर' के बारे में बात करते हुए आयुष्मान खुराना ने कहा, ''मुझे पर्सनली 'धुरंधर' का ट्रेलर बहुत पसंद आया था, लेकिन उसके आसपास बहुत ज्यादा नकारात्मकता थी।




मानसिक बीमारी पर खुलकर बोलीं लीसा रे, कहा-

# मदद मांगना कमजोरी नहीं, हिम्मत की निशानी है

लीसा रे ने इंस्टाग्राम पर वेब सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज!' में अपने किरदार समारा कपूर के सीन्स की क्लिप शेयर की। इस सीरीज में उनका किरदार बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी मानसिक बीमारी से जूझ रहा होता है। लीसा ने कैप्शन में लिखा, ''मेंटल हेल्थ अवेयरनेस मंथ हमें यह याद दिलाता है कि मानसिक उपचार एक आसान प्रक्रिया नहीं होती और हर व्यक्ति की कहानी मायने रखती है। इंसान कभी अच्छा महसूस करता है तो कभी अचानक टूट जाता है। इसी उतार-चढ़ाव को मेरे किरदार समारा कपूर ने सीरीज में दिखाने की कोशिश की थी।'' उन्होंने आगे कहा, 'समारा कपूर की कहानी में उन हजारों लोगों की जिंदगी की झलक दिखाई गई थी, जो मानसिक परेशानियों से लड़ रहे हैं। इस किरदार में दिखाया गया कि बाइपोलर डिसऑर्डर से जूझ रहे इंसान के मन में लगातार भावनात्मक बदलाव होते रहते हैं। कभी बहुत ज्यादा खुशी महसूस होती है, तो कभी इंसान अचानक गहरी उदासी में चला जाता है। कई बार वह खुद को अकेला और असुरक्षित महसूस करने लगता है। '

लीसा रे ने कहा, 'सीरीज के कुछ सीन्स इतने वास्तविक थे कि मैं खुद भी भावुक हो जाती थी। समारा का अचानक गुस्सा होना, जल्दबाजी में फैसले लेना, छोटी-छोटी बातों पर टूट जाना और रिश्तों में उलझन महसूस करना सच्चाई के साथ दिखाया गया था। कई लोग अपनी परेशानी छिपाते रहते हैं क्योंकि उन्हें डर होता है कि समाज उन्हें कमजोर समझेगा।

अभिनेत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि मानसिक बीमारी किसी इंसान की पहचान नहीं होती। उन्होंने कहा, ''अगर कोई व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या से जूझ रहा है तो इसका मतलब यह नहीं कि वह कमजोर है या प्यार पाने के लायक नहीं है। ऐसे लोगों को सबसे ज्यादा जरूरत समझदारी, प्यार और सहयोग की होती है। परिवार, दोस्त, सही इलाज, थेरेपी और खुलकर बातचीत मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में बहुत मदद करते हैं।'' लीसा रे ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों का हाल जरूर पूछें, क्योंकि कई लोग बाहर से मुस्कुराते हुए नजर आते हैं, लेकिन अंदर से टूटे हुए होते हैं। जरूरत पड़ने पर मदद मांगना कभी कमजोरी नहीं होती, बल्कि यह हिम्मत और समझदारी की निशानी है।''

मां श्वेता तिवारी नहीं देती करियर में दखल

# फैसले हमेशा अपने दिल से लेती हूं : पलक तिवारी

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस पलक तिवारी लगातार अपने करियर को लेकर चर्चा में रहती हैं। इन दिनों वह अपनी वेब सीरीज 'लुक्खे' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच आईएएनएस के साथ बातचीत में उन्होंने अपनी मां और टीवी की मशहूर अभिनेत्री श्वेता तिवारी के साथ बॉन्ड को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि मां ने उनके करियर में कभी भी दखल नहीं दिया। उन्होंने जो भी अब तक फैसले लिए हैं, खुद और दिल से लिए हैं। बात करते हुए पलक तिवारी ने कहा, 'मेरी और मेरी मां की जिंदगी पूरी तरह अलग दौर और अनुभवों से गुजरी है, जिसके चलते हम दोनों के सोचने का तरीका अलग है। कहानियों को समझने का नजरिया भी अलग है। एक कलाकार के तौर पर हर व्यक्ति का अपना एक अलग सफर होता है, और उसी सफर के अनुभव उसके फैसलों को प्रभावित करते हैं। मेरी मां ने जिस समय और माहौल में काम किया, वह आज के समय से बहुत अलग था, इसलिए हम दोनों के दृष्टिकोण भी अलग हैं। ' पलक ने कहा, ''मेरी मां कभी भी मेरे करियर में दखल नहीं देतीं।

वह सिर्फ मार्गदर्शन करती हैं, लेकिन किसी भी तरह का दबाव नहीं डालतीं। उन्होंने हमेशा से मुझे स्वतंत्र रूप से सोचने और फैसले लेने के लिए प्रेरित किया है। उनका मानना है कि कलाकार को अपने फैसले खुद लेने चाहिए, क्योंकि वही उसके करियर को सही दिशा देते हैं।'' इंटरव्यू के दौरान पलक ने बताया, ''मां हमेशा मुझसे यही पूछती हैं कि जो प्रोजेक्ट मैं चुन रही हूं, क्या वह सच में मेरे दिल को पसंद है या नहीं। वह मुझे किसी भी प्रोजेक्ट के लिए मजबूर नहीं करतीं, बल्कि यह समझने की कोशिश करती हैं कि क्या वह काम पलक के लिए सही है या नहीं।''



उर्वशी रौतेला ने अपनाया करियर का अलग नजरिया, बोलीं-

# अब दिखावा नहीं, सिर्फ अर्थपूर्ण वाली फिल्मों की तलाश

**बॉलीवुड** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने अब अपने करियर को लेकर एक अलग नजरिया अपनाया है। इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि इस समय उनके लिए सबसे जरूरी चीज दिखना या लोगों से तारीफ पाना नहीं है, बल्कि ऐसे काम करना है जिनका असली मतलब हो और जिनमें भावनाएं जुड़ी हों। आईएएनएस से बात करते हुए उर्वशी ने कहा, ''शुरुआत में हर कलाकार के लिए पहचान मिलना बहुत जरूरी होता है, लेकिन सिर्फ पहचान ही सब कुछ नहीं होती। अगर किसी काम में सच्चाई और भावना नहीं होगी, तो वह लंबे समय तक लोगों के दिल में नहीं रह सकता। मेरा मानना है कि असली सफलता वही है, जो समय के साथ भी बनी रहे और दर्शकों को अंदर तक छू जाए।'' उन्होंने कहा, 'अब करियर में दिखावा नहीं चाहिए। अब मैं ऐसी फिल्मों की तलाश में हूं, जो दर्शकों को कोई कोई संदेश दे और जागरुक करने का काम करें।'' बता दें कि उर्वशी रौतेला ने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत साल 2013 में फिल्म 'सिंह साहब द ग्रेट' से की थी। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता सनी देओल नजर आए थे। यह उनकी पहली बड़ी फिल्म थी, जिसने उन्हें बॉलीवुड में पहचान दिलाई। इसके बाद वह कई फिल्मों में अलग-अलग किरदारों में नजर आईं।



# सोनू निगम की लाइव परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर कूदा जबरा फैन

सिंगर सोनू निगम कोल्हापुर में लाइव परफॉर्मेंस दे रहे थे। तभी एक जबरा फैन स्टेज पर कूद आया। इसके बाद जो सोनू निगम का रिएक्शन आया है, वो अब चर्चा का विषय बन गया है। सिंगर सोनू निगम के लाइव कॉन्सर्ट के दौरान एक फैन बीच में ही स्टेज पर आ गया। इसका वीडियो भी सिंगर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया, लेकिन जो उन्होंने कैप्शन लिखा, वो अब चर्चा का विषय बन गया है। सोनू का ये वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। दरअसल, सिंगर सोनू निगम कोल्हापुर में लाइव परफॉर्मेंस दे रहे थे। इस दौरान एक फैन बीच में ही स्टेज पर आ गया। फैन की ये हरकत देखकर सोनू थोड़ा असहज हो गए। फैन के इच्छा जाहिर करने पर उन्होंने उसे माइक दिया और गाने का मौका दिया, जिसके बाद सिक्योरिटी उसे ले गई।



पुरानी पहचान से पीछा छुड़ाकर बनीं बॉलीवुड की बड़ी स्टार

# नर्स बनाना चाहती थीं सनी लियोनी

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सनी लियोनी ने फिल्मों, गानों और रियलिटी शोज के जरिए करोड़ों लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। हालांकि, उनकी जिंदगी का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं रहा। एक समय ऐसा भी था, जब लोग उन्हें सिर्फ उनकी पुरानी पहचान से देखते थे, लेकिन सनी ने मेहनत और धैर्य के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह पक्की की। चमक-दमक की दुनिया में आने से पहले सनी का सपना नर्स बनने का था। वह मेडिकल फील्ड में जाकर लोगों की मदद करना चाहती थीं, लेकिन किस्मत उन्हें एक बिल्कुल अलग रास्ते पर ले गई। सनी लियोनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा है। उनका जन्म कनाडा के ओंटारियो में एक सिख पंजाबी परिवार में हुआ था। बचपन में सनी काफी शरारती स्वभाव की थीं। उन्हें खेलकूद में काफी रुचि थी। परिवार ने उन्हें अच्छी शिक्षा दी और हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बहुत कम उम्र से ही सनी लोगों की सेवा करना चाहती थीं। इसी वजह से उन्होंने नर्सिंग की पढ़ाई में रुचि दिखाई और मेडिकल फील्ड में करियर बनाने का सपना देखा। वह गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना चाहती थीं। हालांकि जिंदगी ने उनके लिए कुछ और ही तय कर रखा था। परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए सनी ने कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया। उन्होंने एक जर्मन बेकरी में वेट्रेस की नौकरी की। इसके अलावा, टैक्स और रिटायरमेंट फर्म में भी काम किया। इसी दौरान उनकी जिंदगी धीरे-धीरे ग्लैमर इंडस्ट्री की ओर बढ़ने लगी। मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखने के बाद उन्हें नई पहचान मिलने लगी।



स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।